भारत वैश्विक ऊर्जा का नया केंद्र बिंदु

अब भारत दुनिया की ऊर्जा दिशा तय करने वाला देश : हरदीप सिंह

देश में रिफाइनिंग क्षमता 258 एमएमटीपीए से अधिक

नई दिल्ली, 10 अक्टूबर.केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि भारत वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य में तेजी से अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है और अब यह दुनिया की ऊर्जा कहानी का हिस्सा भर नहीं, बल्कि इसे आकार देने वाला प्रमुख खिलाड़ी बन चुका है. शुक्रवार को अपने एक्स पोस्ट में साझा किए गए आंकड़ों के माध्यम से उन्होंने ऊर्जा क्षेत्र की प्रमुख उपलब्धियां गिनाईं.

पुरी के अनुसार, भारत अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा और तेल उपभोक्ता है. यह चौथा सबसे बड़ा रिफाइनिंग हब भी है, जहां कुल रिफाइनिंग क्षमता 258 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष (एमएमटीपीए) से अधिक है. वैश्विक एलएनजी व्यापार में भारत की प्रमुखता बढ़ रही है, जहां यह चौथा सबसे बड़ा एलएनजी आयातक है और वैश्विक व्यापार का करीब 6 प्रतिशत हिस्सा रखता है.

देश की ऊर्जा अवसंरचना भी तेजी से विस्तार कर रही है. भारत के पास दुनिया का छठा सबसे बड़ा पाइपलाइन नेटवर्क है, जो 25,429 किलोमीटर लंबा है और 2030 तक इसे 33,475 किलोमीटर तक बढ़ाने की योजना है.

> पुरी ने कहा, भारत दुनिया की ऊर्जा कहानी का हिस्सा भर नहीं है - यह उसे आकार दे रहा है. उन्होंने इस गति का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व को दिया .हाल के वर्षों में भारत ने ऊर्जा क्षेत्र को मजबूत बनाने में उल्लेखनीय प्रगति की है. देश बढ़ती बिजली मांग को पूरा करने और स्थिरता को बढ़ावा देने के दोहरे लक्ष्यों को संतुलित कर रहा है. अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) के अनुसार, अगले तीन वर्षों में वैश्विक बिजली मांग में वृद्धि का 85 प्रतिशत उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं से आएगा.

एनपीएस और एपीवाई की संपत्ति 16 लाख करोड़ के पार

नई दिल्ली, 10 अक्टूबर. भारत सरकार की दो प्रमुख पेंशन योजनाएं राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) और अटल पेंशन योजना (एपीवाई) ने पेंशन सुरक्षा के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है. गुरुवार को जारी वित्त मंत्रालय की विज्ञप्ति के अनुसार, इन दोनों योजनाओं की कुल प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियाँ (एयूएम) अब 16 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच चुकी हैं. सरकार ने इसे पेंशन सुरक्षा को सर्वसुलभ बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि करार दिया है. साथ ही, इन दोनों योजनाओं में शामिल पॉलिसीधारकों की सं या भी अब 9 करोड़ से अधिक हो चुकी है, जो देश की व्यापक सामाजिक सुरक्षा दृष्टि को मजबूती प्रदान करती है.

क्लाउडटीवी और वेव्स की साझेदारी

स्मार्ट टीवी पर मनोरंजन और भारत की विरासत एक साथ

न्यू दिल्ली, 10 अक्टूबर. भारत के पहले घरेलू स्मार्ट टीवी ऑपरेटिंग सिस्टम क्लाउडटीवी ने प्रसार भारती के ओटीटी प्लेटफॉर्म 'वेव्स' के साथ साझेदारी की है. इस साझेदारी से भारत की सांस्कृतिक विरासत और समकालीन मनोरंजन अब देशभर के स्मार्ट टीवी दर्शकों तक सहजता से पहुँचेगा.

इस सहयोग का उद्देश्य प्रसार भारती की विशाल सार्वजनिक सेवा डिजिटल सामग्री को कनेक्टेड टीवी पर सुलभ बनाना है. क्लाउडटीवी के माध्यम से अब 1.2 करोड़ से अधिक स्मार्ट टीवी उपयोगकर्ता दूरदर्शन और आकाशवाणी के कालातीत संग्रहों के साथ-साथ आधुनिक मनोरंजन, समाचार, संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद ले सकेंगे. क्लाउडटीवी के सीओओ और सह-संस्थापक अभिजीत राजपुरोहित ने कहा, प्रसार भारती के वेव्स ओटीटी के साथ यह साझेदारी भारत की सांस्कृतिक समृद्धि को सार्वभौमिक रूप से सुलभ बनाने की दिशा में एक मील का पत्थर है. यह डिजिटल सेतु विरासत को तकनीक से और पुरानी यादों को नवाचार से जोड़ता है. प्रसार भारती के सीईओ गौरव द्विवेदी ने कहा, वेव्स भारत के आत्मनिर्भर डिजिटल विज़न का उदाहरण है. क्लाउडटीवी के साथ साझेदारी यह सुनिश्चित करेगी कि दूरदर्शन और आकाशवाणी की सामग्री देशभर के स्मार्ट टीवी दर्शकों तक पहुँचे और नागरिक भारत की संस्कृति व ज्ञान से जुड़ें.

क्लाउडवॉकर स्ट्रीमिंग टेक्नोलॉजीज़ द्वारा विकसित क्लाउडटीवी भारत का पहला प्रमाणित स्मार्ट टीवी ऑपरेटिंग सिस्टम है, जो लॉयड, इंटेक्स, माइक्रोमैक्स, क्रोमा, सैंसुई, हुंडई और टी-सीरीज़ जैसे कई ब्रांडों के स्मार्ट टीवी को शक्ति प्रदान करता है.

> वहीं, वेव्स ओटीटी वीडियो, ऑडियो, लाइव टीवी, रेडियो, पत्रिकाओं और पॉडकास्ट के लिए एक वन-स्टॉप प्लेटफ़ॉर्म है, जो 20 से अधिक भाषाओं में सामग्री उपलब्ध कराता है. इसमें राष्ट्रीय कार्यक्रमों से लेकर पुराने वृत्तचित्र, क्षेत्रीय फ़िल्में, समकालीन शो और डिजिटल ओरिजिनल्स शामिल हैं.

ब्रिटेन जाने वालों के लिए खुशखबरी

दिल्ली और लंदन हीथ्रो के बीच नई उड़ान की घोषणा

नई दिल्ली, 10 अक्टूबर. अगर आप इस सर्दी लंदन जाने की योजना बना रहे हैं, तो आपके लिए एक अच्छी खबर है. एयर इंडिया ने दिल्ली और लंदन (हीथ्रो) के बीच 26 अक्टूबर से चौथी दैनिक उड़ान शुरू करने की घोषणा की है.

यह कदम न केवल यात्रियों की बढ़ती माँग को पूरा करेगा, बल्कि भारत और ब्रिटेन के बीच हवाई संपर्क को और भी मज़बूत बनाएगा. भारत की प्रमुख विमान सेवा प्रदाता कंपनी एयर इंडिया ने गुरुवार को ऐलान किया कि वह आगामी शीतकालीन कार्यक्रम के तहत दिल्ली और लंदन (हीथ्रो) के बीच एक और नई दैनिक उड़ान शुरू करने जा रही है. यह सेवा 26 अक्टूबर से शुरू होगी और इससे दिल्ली-लंदन मार्ग पर एयर इंडिया की दैनिक उड़ानों की सं या चार हो जाएगी.

एयर इंडिया के अनुसार, इस नयी सेवा के साथ अब लंदन के लिए उसकी कुल उड़ानों की सं या सप्ताह में 24 से बढ़कर 28 हो जाएगी. इस बढ़ोतरी से यात्रियों को प्रति सप्ताह अतिरिक्त 1,196 सीटें उपलब्ध होंगी, जिससे लंदन जाने वाले यात्रियों को काफी सुविधा मिलेगी. एयर इंडिया ने यह भी जानकारी दी कि वह इस हाई-डिमांड रूट पर अत्याधुनिक विमानों जैसे एयरबस 350-900 और बोइंग 787-9 का ही संचालन कर रही है, जिससे यात्रियों को आरामदायक और बेहतर अनुभव मिलेगा.

वर्तमान में एयर इंडिया भारत और ब्रिटेन के बीच सबसे अधिक उड़ानें संचालित करने वाली एयरलाइन है. कंपनी सप्ताह में कुल 61 उड़ानों का संचालन करती है और इसमें एक दिशा में 18,066 सीटें उपलब्ध कराई जाती हैं.

शिक्षक ही असली गूगल : अशोक राय

पद नहीं, कर्तव्य मायने रखता है अनुशासन ही असली प्रेरणा : राय

फ़िल्मों, तंबाकू और ड्रग्स से दूर रहने का युवाओं को संदेश

बेंगलुरु ,10 अक्टूबर. एलएनसीटी समूह के डीन अशोक राय ने चर्चित पॉडकास्ट में अपने जीवन के फलसफे और शिक्षा जगत की चुनौतियों पर खुलकर बात की. राय ने कर्तव्यनिष्ठा पर जोर देते हुए कहा, जहाँ काम करो, वहाँ नमकहलाली होनी चाहिए, नमकहरामी नहीं.

अनुशासन और संवेदनशीलता के संतुलन को रेखांकित करते हुए उन्होंने अपनी जीवनगाथा का शीर्षक 'सख्त प्रशासन, मुलायम दिल' सुझाया.यह पॉडकास्ट शिक्षा जगत में तेज़ी से चर्चा का विषय बना हुआ है, जिसमें राय ने छात्रों के लिए गुरु-शिष्य संबंध और डिजिटल भटकाव पर चिंता जताई.

'गुरु पर नहीं, गूगल पर भरोसा'- राय ने वर्तमान शैक्षणिक माहौल में छात्रों के बदलते व्यवहार पर गहरी चिंता व्यक्त की. उन्होंने कहा कि आज का छात्र क्लास में बैठकर भी मोबाइल पर सर्च करता है, जिससे शिक्षक पर रहा भरोसा अब स्क्रीन पर आ गया है. उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि टीचर ही असली गूगल है, बाकी सब सिर्फ़ कॉपी. उन्होंने सोशल मीडिया और डिजिटल डिस्ट्रैक्शन को छात्रों के लिए सबसे बड़ी चुनौती बताया. राय ने हिंदी मीडियम के छात्रों के लिए विशेष समर्थन की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि पहले वर्ष में कई हिंदी मीडियम बच्चे हिम्मत हारकर कोर्स छोड़ देते हैं. उन्होंने भाषा को बाधा नहीं, बल्कि माध्यम बनाने के लिए द्विभाषी शिक्षण को बढ़ावा देने की वकालत की.

फ़िल्में और सिगरेट पर राय का सख्त संदेश- मनोरंजन और युवा स्वास्थ्य पर बोलते हुए राय ने एक स्पष्ट रेखा खींची. उनका मानना है कि आज की फ़िल्में और वेब सीरीज़ मनोरंजन से ज़्यादा, सोच को प्रभावित कर रही हैं, इसलिए युवाओं को केवल प्रेरणादायक सामग्री ही चुननी चाहिए. उन्होंने खुद नेटफ्लिक्स जैसे प्लेटफॉर्म से दूरी बनाए रखी.

> **कर्तव्यनिष्ठा ही सर्वोपरि**
>
> राय ने अपने काम के प्रति ईमानदारी को सर्वोपरि रखा. उन्होंने कहा कि पद मायने नहीं रखता, काम मायने रखता है और उन्हें कभी भी शोहरत के लिए मंच पर बैठना पसंद नहीं रहा. उन्होंने अपने प्रेरणास्रोत के रूप में एलएनसीटी समूह के चेयरमैन जय नारायण चौकसे और अपने बड़े भाई एम.एल. राय का उल्लेख किया, जिनसे उन्होंने अनुशासन और नेतृत्व की परिभाषा सीखी .पॉडकास्ट के होस्ट अर्चित जैन ने राय को असली रोल मॉडल बताया, जिन्होंने

टाटा ट्रस्ट की बोर्ड बैठक संपन्न

नई दिल्ली/मुंबई, 10 अक्टूबर. भारत के सबसे प्रतिष्ठित कारोबारी समूह टाटा ट्रस्ट में इन दिनों भीतरी खींचतान और गुटबाज़ी के बादल मंडरा रहे हैं. शुक्रवार को ब बे हाउस में संपन्न हुई बोर्ड बैठक ने इन अटकलों को और हवा दी है कि संगठन के भीतर न केवल वैचारिक मतभेद हैं, बल्कि सत्ता संतुलन को लेकर भी तनाव बना हुआ है. बैठक में लाभांश की राशि के उपयोग पर चर्चा हुई, लेकिन ट्रस्टियों की नियुक्तियों पर कोई निर्णय नहीं लिया गया. टाटा ट्रस्ट की बोर्ड बैठक शुक्रवार, 10 अक्तूबर को मुंबई स्थित ब बे हाउस में आयोजित की गई, जो दोपहर तक चली. बैठक में कुछ सदस्य व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहे, जबकि अन्य ने वीडियो कॉल के माध्यम से हिस्सा लिया.

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार, Svatantra Micro Housing Finance Corporation Limited (SMHFC), शाखा प्रबन्धक सीहोर द्वारा (1) श्री अशोक माहेश्वरी पिता श्री देवकरण माहेश्वरी, (2) श्रीमती उमा माहेश्वरी पति श्री अशोक माहेश्वरी, निवासी गोल्डी सरदार के पीछे, गंगा आश्रम सीहोर, तहसील सीहोर, जिला सीहोर (म.प्र.) को उनके स्वत्व स्वामित्व की संपत्ति नगर सीहोर में स्थित आवासीय मकान क्रमांक 20, प्रोपर्टी आईडी. 1002189348, वार्ड क्रमांक 04, गंगा आश्रम, नगर पालिका परिषद सीहोर तहसील सीहोर, जिला सीहोर (म.प्र.), जिसका कुल क्षेत्रफल : 400 वर्गफीट है, जिसकी चतुर्सीमा पूर्व की और हरिओम महेश्वरी का मकान, पश्चिम की और अन्य का मकान, उत्तर की और पंडित जी का मकान, दक्षिण की और रोड़ 7 फिट चौड़ा है जिस पर ऋण सुविधा उपलब्ध करवाया जाना प्रस्तावित है। उक्त संपत्ति (1) श्री अशोक माहेश्वरी पिता श्री देवकरण माहेश्वरी, (2) श्रीमती उमा माहेश्वरी पति श्री अशोक माहेश्वरी को ई-रजिस्टर्ड सह स्वामित्व विलेख क्रमांक MP44IGR18482025A100575527, दिनांक 07/07/2025, के माध्यम से सह स्वामित्व किया गया है। जिसके पश्चात उक्त संपत्ति (1) श्री अशोक माहेश्वरी पिता श्री देवकरण माहेश्वरी, (2) श्रीमती उमा माहेश्वरी पति श्री अशोक माहेश्वरी, को ई- रजिस्टर्ड संशोधन विलेख क्रमांक MP44IGR 18482025A 100905958, दिनांक 08/10/2025, के माध्यम से सह स्वामित्व संशोधन विलेख किया गया है। यदि उक्त प्लाट/मकान/दुकान पर उक्त वर्णित दस्तावेज या अन्य किसी लिखित या मौखिक माध्यम से किसी भी शासकीय अर्ध-शासकीय संस्था, व्यक्ति / संस्था / सोसायटी आदि का रजिस्टर्ड अनरजिस्टर्ड ऋण / भार / बोझ /मेंटेनेंस / फ़ाइनेंस / प्राइवेट फ़ाइनेंस, जमानत, चार्ज, गिरवी, दान, बक्षीस का भार हो या किसी तरह से हित अधिकार, स्वत्व, सूखाधिकार, दावा/आपत्ति हो या अर्जन कार्यवाही लंबित हो, निगमित निकाय/संस्था व्यक्ति का हित उजर आदि हो तो मय लेखी प्रमाण के हमारे कार्यालय में 07 दिन में लिखित आपत्ति दर्ज करावें। बाद मियाद के किसी भी प्रकार की उजर आपत्ति, दावा आदि मान्य नहीं होगी तथा हमारे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी। सो सूचित हो।

इति दिनांक 10/10/2025

भवदीय
राहुल गेहलोत (अभिभाषक)
कार्यालय सिन्धी धर्म शाला के सामने KV Pharma के पास, सीहोर (म.प्र.)
Mob. 9907642719, 8770856754

रिलायंस जियो ने लॉन्च किया 'सेफ्टी फोन'

जियोभारत फोन बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों की सुरक्षा पर केंद्रित

नई दिल्ली, 10 अक्टूबर.इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2025 में रिलायंस जियो ने देश का पहला 'सेफ्टी-फर्स्ट मोबाइल फोन' — जियोभारत लॉन्च किया है. यह फोन लोकेशन मॉनिटरिंग, यूसेज मैनेजर और रीयल टाइम फोन हेल्थ जैसे उन्नत फीचर्स से लैस है. कंपनी का दावा है कि यह डिवाइस बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है.

जियोभारत फोन की सबसे बड़ी खासियत इसकी सुरक्षा क्षमता है. यह परिवारों को अपने प्रियजनों की सटीक लोकेशन जानने और संदिग्ध गतिविधियों पर नज़र रखने की सुविधा देता है. उपयोगकर्ता यह तय कर सकते हैं कि कौन कॉल या संदेश भेज सकता है और कौन नहीं. इसके अलावा, इंटरनेट पर अवांछित वेबसाइटों और कंटेंट को ब्लॉक करने का विकल्प भी मौजूद है, जिससे बच्चों को सुरक्षित डिजिटल वातावरण मिल सके.

फोन का इंटरफेस सरल और उपयोग में आसान बनाया गया है ताकि बुजुर्ग भी इसे सहजता से चला सकें. कंपनी के अनुसार, जियोभारत में 7 दिनों तक का बैटरी बैकअप मिलता है और यह फोन की स्थिति व बैटरी हेल्थ की रीयल टाइम जानकारी भी प्रदान करता है.

> रिलायंस जियो के प्रेसिडेंट सुनील दत्त ने लॉन्चिंग के दौरान कहा, हमारा उद्देश्य ऐसी तकनीक लाना है जो हर भारतीय को कनेक्ट करने के साथ उनकी सुरक्षा भी सुनिश्चित करे. जियोभारत सिर्फ एक फोन नहीं, बल्कि एक सुरक्षा नवाचार है जो परिवारों को मानसिक शांति प्रदान करेगा. कंपनी का कहना है कि यह डिवाइस खासकर उन परिवारों के लिए उपयोगी साबित होगा जो अपने बच्चों या बुजुर्गों की सुरक्षा को लेकर चिंतित रहते हैं. रु.799 की किफायती कीमत में उपलब्ध जियोभारत फोन देश के सबसे सस्ते लेकिन फीचर-समृद्ध डिवाइसों में से एक माना जा रहा है.

सस्ता हुआ सोना, चमकी चांदी

नई दिल्ली, 10 अक्टूबर. करवा चौथ के शुभ अवसर पर भारतीय सर्राफा बाज़ार में आभूषण खरीदने वालों को सोने की कीमतों में बड़ी राहत मिली है.

इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन लिमिटेड के मुताबिक, शुक्रवार, 10 अक्टूबर 2025 को सोना पिछले दिन के भाव से रु.1,784 टूटकर रु.1,20,845 प्रति 10 ग्राम पर आ गया.वहीं, चांदी रु.2,593 चढ़कर रु.1,62,143 प्रति किलोग्राम पर पहुँच गई है. इससे 9 अक्टूबर को सोना का भाव रु.1,22,629 प्रति 10 ग्राम और चांदी रु.1,59,550 प्रति किलो था.त्योहारी खरीदारी के बीच सोने के भाव में तेज गिरावट आई. IBJA के आंकड़ों के मुताबिक, 24 कैरेट शुद्धता वाला सोना (बिना जीएसटी) गुरुवार को रु.1,22,629 प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था. यह शुक्रवार को भारी गिरावट के साथ रु.1,20,845 प्रति 10 ग्राम पर खुला.

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड IDFC FIRST Bank

(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)
(CIN-L65110TN2014PLC097792)
रजिस्टर्ड ऑफिस : के आरएम टॉवर्स, 8वां तल, हेरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031
फोन : +914445644000, फैक्स: +914445644022

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अंतर्गत सूचना

निम्नलिखित उधारकर्ताओं और सह- उधारकर्ताओं ने **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड** के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) से नीचे उल्लिखित सुरक्षित ऋण प्राप्त किए हैं. नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं के ऋण उनकी संबंधित संपत्तियों के बंधक द्वारा सुरक्षित किए गए हैं. चूंकि वे संबंधित ऋण समझौतों की शर्तों का पालन करने में विफल रहे हैं और अनियमित हो गए हैं, इसलिए उनके ऋण को आरबीआई दिशा-निर्देशों के अनुसार एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया गया। है. **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड** के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को उनके द्वारा देय राशि का उल्लेख संबंधित नोटिस के अनुसार किया गया है, जो विशेष रूप से निम्नलिखित तालिका में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे ब्याज भी लागू होगा और उसी पर संबंधित तिथियों से अनुबंध दर के अनुसार शुल्क लिया जाएगा.

स. क्रं.	ऋण खाता संख्या	ऋण का प्रकार	धारा 13 (2) नोटिस तिथि	धारा 13 (2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि
1	115225050	संपत्ति के बदले ऋण	30.09.2025	5,13,261.75/-

उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं के नाम: 1. आनंद मोहन यादव 2. राधा बाई यादव

संपत्ति का पता: संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा और पार्सल, क्षेत्रफल 150 वर्ग मीटर, आबादी खसरा संख्या 418 में से, मौजाः उमरधा पी.एच.एन. 01, बी.नं. 20, तहसीलः बनखेड़ी जिलाः नर्मदापुरम, मध्य प्रदेश-461990 पर स्थित है, और इसकी सीमा इस प्रकार हैः- पूर्वः हाउस बैनीप्रसाद, पश्चिमः रोड, उत्तरः रोड, दक्षिणः रोड

आपको उपरोक्त तालिका में दर्शाए गए विवरण के अनुसार **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)** को संबंधित तिथियों से अनुबंधित ब्याज दर तथा अन्य लागत, प्रभार आदि के साथ इस प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, अन्यथा नीचे हस्ताक्षरकर्ता को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को देय राशि वसूलने के लिए ऊपर उल्लिखित बंधक संपत्तियों के विरुद्ध एसएआरएफएईएसआई अधिनियम की धारा 13 (4) तथा धारा 14 के अंतर्गत कार्यवाही आरंभ करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड** के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है). इसके अलावा, आपको उक्त अधिनियम की धारा 13 (13) के तहत बिक्री / पट्टे या अन्यथा के माध्यम से उक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों को स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है.

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी
दिनांकः 11.10.2025 आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड
स्थानः मध्यप्रदेश के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)

विज्ञप्ति

कार्यालय ग्राम पंचायत सहावन
जनपद पंचायत बण्डा
जिला सागर (म.प्र.)
क्र./ग्रा.पं./विज्ञप्ति/2025/24
दिनांक - 10/10/25

ग्राम पंचायत सहावन ज.पं. बण्डा के अंतर्गत नवीन पंचायत भवन (अटल ग्राम सेवा सदन) निर्माण कार्य कराये जाने हेतु सीमेंट, सरिया, गिट्टी, रेत, ईंट की आवश्यकता है. अतः सामग्री प्रदाय करने हेतु इच्छुक दुकानदार सामग्री की दरें प्रस्तुत करने हेतु अपनी निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय सहावन में कार्यालयीन समय में 18 अक्टूबर 2025 तक बंद लिफाफे में जमा कर सकते हैं.

नोटः- निविदा से संबंधित शर्तों का अवलोकन कार्यालयीन समय में कार्यालय में उपस्थित होकर प्राप्त कर सकते हैं.

सचिव
ग्राम पंचायत सहावन
जनपद पंचायत बण्डा
जिला सागर (म.प्र.)

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (NTA)
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक स्वायत्त संगठन)

प्रथम तल, NSIC-MDBP भवन, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110020
011-69095250 | www.nta.ac.in | procurement@nta.ac.in

निविदा आमंत्रण / Tender Inviting Notice

NTA को कार्यालय उपयोग हेतु मासिक आधार पर 30 वाहन किराए पर लेने के लिए अनुभवी एजेंसियों से दो-बोली प्रणाली में सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

- GeM Bid No.: GeM/2025/B/6722964 (दिनांकः 29.09.2025)
- अनुमानित लागतः रू. 7.00 करोड़ (EMD: रू. 7.00 लाख)
- निविदा प्रपत्रः nta.ac.in व gem.gov.in से डाउनलोड करें
- निविदा GeM पोर्टल पर ई-टेंडरिंग द्वारा जमा करें

CBC21354/12/0002/2526 Sd./ निदेशक (प्रोक्योरमेंट)

ब्रिटेन जाने वालों के लिए खुशखबरी

नई दिल्ली, 10 अक्टूबर. अगर आप इस सर्दी लंदन जाने की योजना बना रहे हैं, तो आपके लिए एक अच्छी खबर है. एयर इंडिया ने दिल्ली और लंदन (हीथ्रो) के बीच 26 अक्टूबर से चौथी दैनिक उड़ान शुरू करने की घोषणा की है. यह कदम न केवल यात्रियों की बढ़ती माँग को पूरा करेगा, बल्कि भारत और ब्रिटेन के बीच हवाई संपर्क को और भी मज़बूत बनाएगा. भारत की प्रमुख विमान सेवा प्रदाता कंपनी एयर इंडिया ने गुरुवार को ऐलान किया कि वह आगामी शीतकालीन कार्यक्रम के तहत दिल्ली और लंदन (हीथ्रो) के बीच एक और नई दैनिक उड़ान शुरू करने जा रही है. यह सेवा 26 अक्टूबर से शुरू होगी और इससे दिल्ली-लंदन मार्ग पर एयर इंडिया की दैनिक उड़ानों की सं या चार हो जाएगी. एयर इंडिया के अनुसार, इस नयी सेवा के साथ अब लंदन के लिए उसकी कुल उड़ानों की सं या सप्ताह में 24 से बढ़कर 28 हो जाएगी.

नाम परिवर्तन

मैं, Army Service No. 15693910F, Rank - HAV-Kamlesh Kumar Sahu, निवासी- 62/2, गमिरिया मोहल्ला, बेगमगंज, रायसेन, मध्यप्रदेश का शपथ पूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूं कि मेरी पुत्री माधवी साहू (Madhavi Sahu) है जबकि मेरे दस्तावेजों में नाम माधवी (Madhavi) दर्ज है, जिसमें उपनाम साहू (Sahu) दर्ज नहीं है जबकि मेरी पुत्री का पूर्ण नाम माधवी साहू (Madhavi Sahu) है. दस्तावेजों में मेरी पुत्री का नाम माधवी (Madhavi) के स्थान पर पूर्ण नाम माधवी साहू (Madhavi Sahu) दर्ज किया जावे.

नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम निखिल कुमार वाधवानी था। जिसे बदलकर निखिल वाधवानी कर दिया गया है। मुझे निखिल वाधवानी पुत्र जयराम वाधवानी नाम से जाना व पहचाना जाऐं।

सही: निखिल वाधवानी
वार्ड नं. 28, विवेकानंद कॉलोनी, जिला -बालाघाट (म.प्र.)

नाम परिवर्तन

मेरे पासपोर्ट M5083058 में मेरा नाम Amrita Dwivedi Tripathi अंकित हो गया है जबकि मेरे आधार में मेरा नाम Amrita Dwivedi दर्ज है. अतः मुझे आधार में दर्ज नाम से जाना जाए. पता- फ्लैट नं. 401 ब्लाक बी चतुर्थ तल, सिद्दि सेफ्रान सिटी कोलार रोड भोपाल (म.प्र.) 462042

MORARJI DESAI NATIONAL INSTITUTE OF YOGA
Ministry of Ayush, Government of India
68, Ashok Road, New Delhi-110001
Ph. 23730417-18, 23351099. Telefax:011-23711657
Email: dir-mdniy@nic.in Website: www.yogamdniv.nic.in

Applications are invited from eligible candidates for engagement on Direct Recruitment to work at Morarji Desai NationalInstitute of Yoga (MDNIY), in the positions given as under:

Sl. No.	Name of the Post	No. of Posts/ Category	Pay Scale
1	Private Secretary	01 (UR)	Level-07 (Rs.44900-142400)
2	Assistant Research Officer (ARO) Yoga	01 (UR)	Level-07 (Rs.44900-142400)
3	Yoga Instructor	01 UR (EWS)	Level-06 (Rs.35400-112400)
4	Accountant	01 (UR)	Level-06 (Rs.35400-112400)
5	Assistant	01 (UR)	Level-06 (Rs.35400-112400)
6	Caretaker	01 (UR)	Level-04 (Rs.25500-81100)
7	Multi-tasking Staff (MTS)	03 UR (including 01 EWS)	Level-01 (Rs.18000-56900)

Method of Recruitment for the above posts - By Direct Recruitment Details of qualifications, experience and other terms & conditions of engagement on these posts can be obtained from the Institute's website www.yogamdniv.nic.in.
Interested candidates possessing the requisite qualifications, experience, etc. may send their application in the prescribed format along with copies of testimonials duly self-attested and two recent passport size photographs addressed to The Director, Morarji Desai National Institute of Yoga, 68-Ashok Road, New Delhi- 110001. Last date for receipt of Hard Copyof application in MDNIY is 45 days from the date of publication of Advertisement in Employment News.

Cbc- 17213/12/0004/2526 DIRECTOR

फीनिक्स एआरसी प्राइवेट लिमिटेड PhoenixARC

पंजीकृत कार्यालयः तीसरी मंजिल, वालेस टावर 139-140/बी/1, सहार रोड और वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे क्रॉसिंग, विले पार्ले (पूर्व) मुंबई - 400 057. दूरभाषः 022- 6849 2450, फैक्सः 022- 6741 2313
सीआईएनः U67190MH2007PTC168303 ईमेलः info@phoenixarc.co.in, वेबसाइटः www.phoenixarc.co.in

ई-नीलामी सह बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 और 9 के प्रावधानों के साथ। इसके द्वारा आम जनता और विशेष रूप से उधारकर्ताओं/गारंटरों/बंधककर्ताओं को सूचित किया जाता है कि मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड (जिसे पहले एस्पायर होम फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड - समनुदेशक के रूप में जाना जाता था) द्वारा ऋण के समनुदेशन के अनुसरण में फीनिक्स एआरसी प्राइवेट लिमिटेड को गिरवी रखी गई निम्नलिखित संपत्ति, बकाया राशि और आगे के ब्याज, शुल्क और लागत आदि की वसूली के लिए "जैसी है जहाँ है, जैसी है और बिना किसी सहारे के" के आधार पर "ऑनलाइन ई-नीलामी" के माध्यम से बेची जाएगी, जैसा कि प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम के नियम 8 और 9 के साथ सरफेसी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार नीचे विस्तार से बताया गया है। 2002) को वेबसाइटः www.phoenixarc.co.in/ के माध्यम से नीचे दिए गए विवरण के अनुसार खरीदा जा सकता है।

ई-नीलामी की तिथि और समयः 17-11-2025 / सुबह 11:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक (प्रत्येक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ)

| सं. क्र. | उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/ ऋण खाता | मांग सूचना की तिथि और राशि | अचल संपत्ति का विवरण | आरक्षित मू